Sixteenth Loksabha

p>

Title: Need to set up a new Kendriya Vidyalaya in Mehsana district, Gujarat - Laid.

श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (मेहसाणा): आज मेरे मेहसाणा जिले की आबादी 20 लाख से ज्यादा हो गई है। मेहसाना ऑयल, मिल्क, इंडस्ट्रीयल, स्पाइस जिले के नाम से जाना जाता है। इसके तहत मारूति सुजुकी कंपनी, ओएनजीसी इंडस्ट्रीयल-जीआईडीसी, सीआरपीएफ, बीएसएफ, रेलवे जंक्शन के कारण भारी मात्रा में भारत के सभी प्रदेशों के अधिकारी, कर्मचारी और अर्द्धसैनिक बलों के जवान रहते हैं। उनके बच्चों के सामने शिक्षा की समस्या खड़ी हुई है। ओएनजीसी मेहसाना द्वारा संचालित एक केन्द्रीय विद्यालय मेहसाना में चल रहा है। उसमें भी भारी मात्रा में दाखिले के लिए अभिभावकों की मांग रहती है। यहां पर दाखिला लेने के लिए दिक्कतें कई वर्षों से मेरे सामने आई है। मेहसाना तहसील के अंबासन गांव में 154 BN BSF का कैम्प लगा है। वहां के BSF, CRPF तथा निवृत जवान और आस-पास के तीन किलोमीटर के दायरे में आने वाले लिंच, भेसाना, मोदीपुर, अंबासन, अमिपुरा, बोरीयावी जैसे गांवों की 50 हजार की जनसंख्या को अपने बच्चों की अच्छी अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा नहीं मिल पाती है और ओएनजीसी, मेहसाना के केन्द्र विद्यालय में भी अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा की परिपूर्ति नहीं हो पा रही है।

मेरा अनुरोध है कि 154 BN BSF ने आपके मंत्रालय की शर्तों के मुताबिक केन्द्रीय विद्यालय खोलने की पूरी तैयारी कर दी है। यहां पर केन्द्रीय विद्यालय की मंजूरी दी जाए।